# स्वाध्याय

प्रश्न 1. चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(1) रबर से बनी हुई चीजों के नाम लिखिए।

उत्तर : रबर से बनी हुई चीजों के नाम : गेंद, तरह-तरह के टायर, पेन्सिल से लिखा हुआ मिटाने की रबड़, रबर बैंड आदि।

(2) टायर फटने से पहले क्या हो रहा था?

उत्तर : टायर फटने से पहले साइकिल की दुकान वाले टायर में हवा भर रहा था, गुब्बारेवाला गुब्बारे बेचने जा रहा था, कुड़ी सब्जियां बेचने जा रही थी, मोची सड़क पर बैठा था और शायद ग्राहक की राह देख रहा था, कुत्ता लेटा हुआ था और तोता डंडे पर बैठा हुआ था।

(3) टायर क्यों फटा?

उत्तर : टायर पुराना था, इसलिए हवा अधिक भर जाने से फट गया।

(4) टायर फटने के बाद क्या-क्या हुआ?


उत्तर : टायर फटने के बाद टायर में हवा भरनेवाला आदमी गिर पड़ा। कुंजड़ी के सिर पर रखी टोकरी से सब्जियाँ जमीन पर बिखर गई। तोता घबराकर उडने लगा। डोरी से बंधे हुए गुब्बारे अलग होकर हवा में ठड़ने लगे मोची का सामान इधर-उधर बिखर गया। लेटा हुआ कुत्ता भागने लगा।

प्रश्न 2. निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर उसका सुलेखन कीजिए:

सूर्य अस्त होने से पहले ही वह गुरुजी के घर जा पहुंचा। उसने गुरुजी के चरण छूकर प्रणाम किया। उसके साथियों को जब पता चला कि वह फिर वापस आ गया है, तब वे तरह-तरह की बातें बनाने लगे गुरुजी उसे देखते ही बोले "बेटा वरदराज ! तुम घर नहीं गए क्या?" वह नम्रतापूर्वक बोला, "गया था, गुरुजो पर आधे रास्ते से लौट आया। अब मेरी आँखें खुल गई है मैंने निश्चय किया है कि मैं पूरी लगन और परिश्रम से पढने। आज से आपको कभी कुछ कहने का अवसर नहीं दूंगा।"

उत्तर : सुवाच्य और सुंदर अक्षरों में यह परिच्छेद अपनी कॉपी में लिखिए।

प्रश्न 3. चित्रों को देखकर दोनों में क्या-क्या अंतर है, ढूंढ़कर बताइए।



उत्तर : अंतरवाले स्थान चिह्नित ◯ किए गए हैं।